nt>

Title: Need to open new telephone exchanges in Saran district of Bihar so as to enable clearing the pending cases for telephone connections. − Laid.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : अध्यक्ष महोदय, बिहार प्रांत के सरण जिला अन्तर्गत एकमा, पन्नापुर, दुरौंदा, महराजगंज, नबीगंज एवं भगवानपुर प्रखंडों के क्रमशः जमनपुरा बाजार, कोन-भगवानपुर, बुर्जवॉ जलालपुर, रजनपुरा बाजार, किनरथू डुमरा बाजार एवं माधर क्षेत्र के हजारों उपभोक्ता वर्ों से दूरभाा कनैक्शन हेतु प्र ातीक्षारत हैं, परन्तु एक्सचेंज की कमी एवं केबल आपूर्ति की कमी की वजह से उपरोक्त उपभोक्ताओं को कनैक्शन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।

आम जनता को हो रही कठिनाइयों को दूर करने हेतु मैं सरकार से मांग करता हूं कि एकमा प्रखंड अंतर्गत जमनपुरा बाजार, पन्नापुर प्रखंड अंतर्गत कोन-भगवानपुर, दुरौंदा प्रखंड अंतर्गत, बुर्जवा जलालपुर, महाराजगंज प्रखंड अंतर्गत रजनपुरा बाजार, नबीगंज प्रखंड अंतर्गत - किनरथू डुमरा बाजार एवं भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत माधर में नया दूरभाा एक्सचेंज खोला जाये ताकि आम जनता की कठिनाइयों को दूर किया जा सके।